**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 14 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

1. केंद्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया।

2. खुदरा विक्रेताओं को ईंधन वितरण के दौरान दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा।

3. हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 'भू-मित्र' नामक व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट जारी किया।

4. उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा - भारत को कमजोर करने की कोशिश करने वालों को जनता स्वीकार नहीं करेगी।

5. कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के टाउन पार्क में दो दिवसीय फूल उत्सव का उद्घाटन किया।

6. हरियाणा में राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने रणनीति बनानी शुरू की।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया है। रिफाइनरियों में घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर

उपलब्ध कराए गए हैं। सुश्री सुजाता ने बताया कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की जा रही है।

संयुक्त सचिव ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को ईंधन वितरण के दौरान दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है और किसी भी उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त सचिव ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित आपूर्ति के अलावा 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का आवंटन किया गया है।

****************************************************************
**********

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 'भू-मित्र' नामक व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट जारी किया है, जो भूमि और राजस्व से संबंधित सेवाएँ लेने वाले नागरिकों को सातों दिन 24 घंटे सहायता प्रदान करेगा।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध यह चैटबॉट राज्य के हर नागरिक के लिए सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा भू-मित्र एक स्मार्ट, संवादात्मक चैटबॉट है, जिसे सीधे व्हाट्सएप के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। इससे अब नागरिक अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही क्लिक के माध्यम से घर बैठे दिन के किसी भी समय आवश्यक राजस्व सेवाएँ प्राप्त कर सकेंगे।

डॉ. मिश्रा ने आगे बताया कि भू-मित्र चैटबॉट के माध्यम से नागरिक भूमि स्वामित्व और खेती संबंधी रिकॉर्ड के लिए जमाबंदी की प्रति, भूमि स्वामित्व में परिवर्तन से संबंधित इंतकाल की प्रति, संबंधित मामलों के लिए मुआवजा पंजीकरण तथा दस्तावेज़ पंजीकरण से संबंधित सहायता ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त चैटबॉट के माध्यम से डीड टोकन जनरेशन, भूमि सीमांकन के लिए आवेदन, भूमि एवं राजस्व से जुड़ी शिकायत दर्ज करना, तथा शिकायत की स्थिति की रियल-टाइम ट्रैकिंग जैसी सुविधाएँ भी व्हाट्सऐप पर उपलब्ध होंगी।

नागरिक व्हाट्सऐप नंबर 95933 00009 को सेव करके और उस पर संदेश भेजकर भू-मित्र सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

**********************************************************

**********

आज कैथल में उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, उनको देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के दौरान फ़ैल रही अफवाहों को लेकर उन्होंने कहा-

योगी आदित्यनाथ हरियाणा के सौंगल गांव स्थित सिद्ध बाबा मुकुट नाथ मठ में नतमस्तक होने आए थे। मठ में शीश निवाने के बाद योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुओं को जीते जी तो सम्मान देना ही है, बाद में भी सम्मान देना चाहिए। सिकंदर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गुरुओं के सामने तो सिकंदर जैसे विजेताओं को भी नतमस्तक होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा में तो संतों की काफी लंबी परंपरा रही है। संत शक्ति जागरूक हो तो कोई भी ताकत देश धर्म को झुका नहीं सकती।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे का कारोबार करने के प्रयास कर रहा है, लेकिन हमें नशे के खिलाफ आंदोलन करना होगा। धर्म सभाओं के माध्यम से नशे के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

**********************************************************

**********

हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद नगर निगम द्वारा टाउन पार्क में आयोजित दो दिवसीय फूल उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर प्रवीण बत्रा जोशी और निगमायुक्त धीरेंद्र खटखटा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री विपुल गोयल ने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों बाद टाउन पार्क में फ्लावर शो का दोबारा आयोजन होना सराहनीय पहल है।

उन्होंने टाउन पार्क के विकास, इको-वन और नमो-वन जैसी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि भविष्य में यहां बच्चों के लिए वाटर कैनाल और नौका विहार जैसी सुविधाएं शुरू करने की योजना है। साथ ही शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, नाइट स्वीपिंग और अन्य स्वच्छता व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है।रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर उन्होंने कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है, लोगों को भ्रामक सूचनाओं से बचना चाहिए।

मीडिया से बातचीत में महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि फूल महोत्सव से पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। निगमायुक्त धीरेंद्र खटखटा ने बताया कि मेले में करीब 35 प्रकार के फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई है।इस दौरान सफाई कार्यों को और अधिक सुचारू बनाने के लिए नगर निगम में 20 नई गाड़ियां भी शामिल की गईं।

***********************************************************
**********

हरियाणा में राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा ने हरियाणा निवास में अपने विधायकों को बुलाया और वहाँ से उन्हें बसों में बैठाकर किसी दूसरे स्थान पर ले जाया जाएगा, जहां भाजपा की एक बैठक होगी।

इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा -

भाजपा की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और हरियाणा बीजेपी के प्रभारी सतीश पूनिया मौजूद रहेंगे। इस बैठक में बीजेपी अपने विधायकों को राज्यसभा चुनाव में वोटिंग की प्रक्रिया के बारे में समझाएगी। इतना ही नहीं, राज्यसभा चुनाव की एक मॉक ड्रिल भी होगी, जिसमें राज्यसभा में जिस तरह से चुनाव होता है, ठीक उसी तरह चुनाव करवाया जाएगा।

************************************************************
**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस प्रस्ताव के तहत प्रांतीय सरकार की भूमि को पलवल नगर परिषद को पार्किंग स्थल तथा नगर परिषद के कार्यालय व व्यापारिक परिसर के निर्माण के लिए वर्तमान कलेक्टर रेट की दरों पर हस्तांतरित किया जाएगा।

प्रस्ताव के अनुसार वर्ष 2024-25 का कलेक्टर रेट 11,550 रुपये प्रति वर्ग गज निर्धारित किया गया है। इस आधार पर उपमंडल दंडाधिकारी के आवास के समीप स्थित कुल 9,944 वर्ग गज भूमि की कीमत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 19 जनवरी 2021 को जारी नीति के अनुसार लगभग 11 करोड़ 48 लाख 53 हजार 200 रुपये आंकी गई है।

************************************************************
**********